Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to resume the train services stopped during Corona period.

श्री दीपक बैज (बस्तर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मेरे बस्तर लोक सभा क्षेत्र से जगदलपुर स्टेशन से चलने वाली यात्री ट्रेनों को भी कोरोनाकाल में बंद कर दिया गया था, लेकिन वर्तमान में कुछ ट्रेनें चालू हैं और कुछ ट्रेनें चालू करने की आवश्यकता है । 23 सितम्बर, 2021 को रेलवे बोर्ड ने एक आदेश जारी किया है कि समलेश्वरी एक्सप्रेस, हावड़ा से जगदलपुर सप्ताह में चार दिन चलेगी, लेकिन वह आज तक चालू नहीं की गई है । 18 फरवरी, 2019 को दुर्ग-जगदलपुर एक्सप्रेस को बंद कर दिया गया है, जो सप्ताह में तीन दिन चलती थी । उसे पुन: चालू किया जाए । किरन्दुल से विशाखापट्नम तक चलने वाली नाइट एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन चल रही है । उसे प्रतिदिन चलाया जाए । आपके माध्यम से मैं रेल मंत्रालय की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं ताकि बंद ट्रेनों को तत्काल चालू कराया जाए । धन्यवाद ।